कार्यालय कलेक्टर,
जिला नारायणपुर (छ0ग0)

–:: विज्ञापन ::–

क्रमांक/543/स्था./भर्ती /2015 नारायणपुर दिनांक 7/7/2015

संचालक पंचायत सचालनालय छ0ग0 नया रायपुर के पत्र क्रमाक/स्था/248/2015/201 नया रायपुर दिनांक 27/05/2015 के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जिला नारायणपुर में रिक्त पदों पर भर्ती किये जाने हेतु इस कार्यालय को अधिकृत किये जाने के फलस्वरूप कार्यालय कलेक्टर नारायणपुर के अधिनस्थ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग कार्यालय में रिक्त तृतीय भर्ती हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 15.7.2015 को सध्या 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	पद का नाम	अनारक्षित				अन्य पिछड़ा वर्ग				अनुसूचित जाति				अनु0जनजाति				योग
		मुक्त	महि.	भू.पू. सै.	नि. शक्त	मुक्त	महि.	भू.पू. सै.	नि. शक्त	मुक्त	महि.	भू.पू. सै.	नि. शक्त	मुक्त	महि.	भू.पू. सै.	नि. शक्त	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19
1	सहा0ग्रे0–3	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	02	0	0	0	02
	योग–	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	02	0	0	0	02

पदों की शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान निम्नानुसार है :–

क्र.	पद का नाम	वेतनमान	शैक्षणिक योग्यता
1	सहायक ग्रेड–3	5200–20200 ग्रे.वे. 1900	मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्क्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। 2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा 3. कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)

नियम व शर्तें :–

1. आयु सीमा :–

(अ) आयु दिनांक 01.01.2015 की स्थिति में न्यूतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। शासन व्दारा समय–समय में दी गयी आयु सीमा में छूट का प्रावधान रहेगा।

(ब) सामान्य वर्ग के आवेदक की आयु (छ0ग0 के निवासी हेतु) 01.01.2015 को न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष तथा अन्य विशेष वर्ग जैसे– अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, भूतपूर्व सैनिक, विकलांग आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में नियमानुसार जो छूट है। वह लागू रहेगी, परन्तु उपरोक्त सभी प्रकार के छूट को सम्मिलित करने के बाद अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(स) नारायणपुर जिले के स्थानीय निवासी भर्ती हेतु पात्र होगें।

2. इस विज्ञापन के प्रकाशन के पूर्व का रोजगार कार्यालय जिला नारायणपुर का जीवित पजीयन अनिवार्य है।

3. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को स्थाई जाति प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

4. उम्मीदवार को अपनी आयु के समर्थन में दसवीं की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

5. इस विज्ञापन के जारी होने के पूर्व प्रस्तुत आवेदन मान्य नहीं किये जायेगें।

6. किसी भी उम्मीदवार को किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

7. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद की स्थिति में चयन समिति एवं कलेक्टर जिला नारायणपुर का निर्णय अंतिम होगा, तथा वह आवेदक के लिए बंधनकारी होगा।

8. अपूर्ण अस्पष्ट तथा त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र के संबंध में पृथक से कोई सूचना जारी नहीं की जावेगी एवं ऐसे समस्त आवेदन अमान्य कर दिये जावेगें।

9. प्रमाण–पत्रों को परीक्षण के समय आवेदक को अपना शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण–पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

10. चयन उपरान्त यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है, तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी, एवं संबंधित अभ्यार्थी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

11. कोई भी उम्मीदवार जिन्हें विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, तो वह नियुक्ति के लिए अपात्र होगा।

12. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक संतान है, जिसमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो तो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

13. लिफाफे के ऊपरें आवेदित पद का नाम आवेदक का नाम एवं आवेदक का वर्ग एवं पता स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ पाँच रूपये का डाक टिकिट लगा हुआ लिफाफा (10x4)जिसमें आवेदक के पत्र व्यवहार का पूर्ण पता स्पष्ट रूप से लिखा हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

14. किसी विवाहित महिला उम्मीदवारों व्दारा अपने नाम/उपनाम में परिवर्तन किया गया हो, तो परिवर्तन संबंधी दस्तावेज/शपथपत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

15. उम्मीदवार व्दारा नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर चस्पा कर उसे राजपत्रित अधिकारी व्दारा अभिप्रमाणित कराया जाकर आवेदन प्रत्र प्रस्तुत करना होगा।

16. उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में ही प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा।

17. निर्धारित प्रपत्र में भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण–पत्रों की सत्यापित प्रतियों सहित कलेक्टर जिला नारायणपुर के पते पर पंजीकृत डाक से दिनांक **15.07.2015** को संध्या 5.00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। डाक द्वारा प्राप्त आवेदन ही स्वीकार की जावेगें।

18. चयन हेतु अभ्यार्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार चयन समिति की होगी।

19. सहायक ग्रेड–3, के पदों पर चयन शैक्षणिक योग्यता, दक्षता/कौशल परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों को जोड़कर मेरिट सूची तैयार की जायेगी। इसमें रिक्तयों की संख्या के 12 गुना उम्मीदवार को सम्मिलित किया जायेगा। अंतिम चयन हेतु अंकों का विभाजन निम्नानुसार होगा–
तृतीय श्रेणी के पद हेतु शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के अंको पर 75% अंक, कौशल परीक्षा पर 25% अंक। कौशल परीक्षा में निर्धारित न्यूतम उत्तीर्ण अंक (9 अंक) से कम प्राप्त करने वाले उम्मीदवार नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगें। समान अंक प्राप्त होने पर जन्मतिथि के आधार पर वरियता निर्धारित की जायेगी । जिस अभ्यार्थी की जन्मतिथि पहले हो उसे पहले प्राथमिकता दी जायेगी।

20. उपरोक्तानुसार विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है, जिसमें वृद्धि या कमी संभावित है।

21. शासन से भर्ती नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है या अतिरिक्त शर्त/निर्देश जारी किया जाता है, तो इस विज्ञप्ति व्दारा भरे जाने वाले पदों की भर्ती पर भी लागू होगा।

22. प्रतीक्षा सूची जारी दिनांक से एक वर्ष के लिए वैद्य होगी।

23. दक्षता/कौशल परीक्षा हेतु पृथक से तिथि एवं स्थान की सूचना उम्मीदवारों को दी जावेगी। दक्षता/कौशल परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले आवेदकों को चयन के लिये अनर्ह माना जायेगा।

24. उपर्युक्त पदों की भर्ती में शासन व्दारा छ0ग0 राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों (नारायणपुर जिले से संबंधित) के उम्मीदवारों को निर्धारित योग्यता पूर्ण करने पर चयन प्रक्रिया का अनुसरण किये बिना ही सीधे नियुक्ति प्रदान की जायेगी।

7/2015

कलेक्टर
जिला नारायणपुर

आवेदन पत्र



प्रति,

कलेक्टर
जिला – नारायणपुर (छ0ग0)

आवेदित पद का नाम :– .....

आवेदक का नाम हिन्दी में :–.....

1. अंग्रेजी में :–.....

2. पिता/पति का नाम :–.....

3. वर्तमान डाक का पता जिस पत्र पर :–.....

पत्र व्यवहार किया जावेगा। :–.....

4. स्थायी पता :–.....

:–.....

5. जन्म तिथि (पांचवीं/ हाईस्कूल/हायर से.के. या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण–पत्र में दर्ज अनुसार :– वर्ष.....माह.....दिन.....

6. डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में 1 वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र उर्त्तीण का वर्ष :– .....

7. दिनांक 01.01.2014 को आयु :– वर्ष.....माह.....दिन.....

8. जन्म स्थान :– ग्राम/नगर.....

तहसील.....जिला.....

राज्य.....पिन.....

9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कमांक :–.....

10. क्या, आवेदक विवाहित हैं ? यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि :–.....

11. जीवित बच्चों की संख्या (बच्चों का नाम/लिंग/जन्म तिथि सहित) :–.....

1. .....

2. .....

12. विकलांगता होने की दशा में सक्षम प्राधिकारी जिला मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र की सत्यप्रतिलिपि संलग्न करे :–.....

13. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है ? हां / नहीं यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें। :–.....

14. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थानों / न्यायालय में लंबित है। अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है? यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क. एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। :–.....

15. जाति का विवरण जो लागू हो कृपया सही (√) का निशान लगाईयें

अजजा अजा अपिव सामान्य विकलांग भूतपूर्व सैनिक पुरूष महिला

आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार स्थायी जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करें

16. शासकीय विभाग व्दारा संचालित छात्रावास / आश्रम / :– .....
कार्यालय / शालाओं में कार्यानुभव (प्रमाण –पत्र जिला शिक्षा अधिकारी / प्राचार्य / खं0शि0अ0 / आहरण संवितरण अधिकारी स्तर से कम नहीं होना चाहिए)

17. शासकीय विभाग व्दारा संचालित छात्रावास / आश्रमों / :–.....
कार्यालयों / शालाओं में कार्यानुभव (प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें। प्रमाण–पत्र प्राचार्य / खंड शिक्षा अधि0 / कार्यालय प्रमुख स्तर से कम का नहीं होना चाहिए)

18. शैक्षणिक योग्यता :–

क्र	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	स्कूल / बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम	विषय	प्राप्ताकों को प्रतिशत	प्रतिशत / श्रेणी
1	2	3	4	5	6

अन्य योग्यता :–

क्र	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	मंडल/संस्था का नाम	उर्त्तीण वर्ष	प्राप्त अंक	प्रतिशत/श्रेणी
1	2	3	4	5	6
1					
2					

संलग्न :– सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची विवरण सहित।

1. :–.....
2. :–.....
3. :–.....
4. :–.....

घोषणा–पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि, मैनें विज्ञापित पात्रता शर्तो को ध्यान से पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस आवेदन पत्र में दी गई प्रविष्टयां सत्य पूरी और सही है। मुझे मालूम है कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पायी जावेगी, तो मेरी आवेदन निरस्त किया जावेगा। परीक्षा में उत्तीर्ण एवं चयन के उपरांत भी मेरा चयन या मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी, जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नहीं होगा।

स्थान :–.....

दिनांक :–.....

आवेदक के हस्ताक्षर

कार्यालय कलेक्टर,
जिला नारायणपुर (छ.ग.)

दूरभाष (कार्यालय) 07781–252216, 252911 (फैक्स) 252215

: ज्ञापन :

क्रमांक/541 /भर्ती/वि.लि.दो/2015 नारायणपुर दिनांक 07 जुलाई 2015

प्रति,

संचालक,
जनसंपर्क संचालनालय
इन्दावती भवन ब्लॉक ए (विभागाध्यक्ष भवन)
नया रायपुर

विषय :– विज्ञापन प्रकाशित करने बाबत।

000

विषयांतर्गत इस जिले के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग नारायणपुर में तृतीय श्रेणी के स्वीकृत रिक्त पदों को भरे जाने के लिए विज्ञापन संलग्न कर प्रेषित है। कृपया विज्ञापन स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार।

कलेक्टर 7/7/2015
जिला नारायणपुर

पृ0क्रमांक/ 542 /भर्ती/वि.लि.दो/2015 नारायणपुर दिनांक 07 जुलाई 2015

प्रतिलिपि :–

जिला जनसंपर्क अधिकारी जिला नारायणपुर कृपया विज्ञापन समाचार पत्र में प्रकाशित कराने कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर 7/7/2015
जिला नारायणपुर